एक नजर में

तीन नव आरक्षको को मिला नियुक्ति पत्र

सिंगरौली। आरक्षक भर्ती 2024 के अंतर्गत चयनित 3 नव आरक्षकों को आज दिन सोमवार को आवश्यक दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर एसपी मनीष खत्री ने सभी नव नियुक्त आरक्षकों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा एक गौरवशाली दायित्व है। नियुक्ति प्राप्त करने वालों में हिम्मत , रामसुख मतानिया व सुनील शामिल हैं।

धौहनी गांव युवक फांसी के फंदे पर झूला

सिंगरौली। सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धौहनी निवासी एक युवक 17 नवम्बर से लापता था। जहां आज उसका पेड़ में लटकता हुआ फांसी के फंदे पर शव मिला है। पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये मामले की विवेचना शुरू कर दी है। सरई थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरका के प्रभारी नृपेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्राम धौहनी निवासी सुखसैन सिंह पिता राजमन सिंह उम्र 34 वर्ष पिछले सप्ताह 17 नवम्बर की शाम 7 बजे से लापता था। आज 24 नवम्बर की 10:30 बजे सूचना मिली कि सुखसैन फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। पुलिस मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी मेहरा का हुआ तबादला

सिंगरौली। म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के द्वारा सिंगरौली में पदस्थ क्षेत्रीय अधिकारी संजीव कुमार मेहरा का क्षेत्रीय कार्यालय रीवा के लिए तबादला कर दिया गया है। जबकि मुख्यालय भोपाल में पदस्थ सहायक यंत्री पर्यावरण रतिपाल ठाकुर को प्रभारी क्षेत्रीय अधिकारी , क्षेत्रीय कार्यालय सिंगरौली में पदस्थ किया गया है। यहां बताते चले कि संजीव कुमार मेहरा के कार्यकाल में जिले के प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। वें एनटीपीसी में ही अपना आवास बना लिया था। जहां चर्चाओं में रहे।

सीएम कन्या विवाह के तिथि में संसोधन

सिंगरौली। मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह, निकाह के आयोजन के संबंध मे संशोधित तिथियां जारी की गई है। जिसके तहत 23 जनवरी 2026 बसंत पंचमी को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह-निकाह के लिए आवेदन भरने की अंतिम तिथि 9 जनवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है।

मेयर के पति पर 12 लाख 63 हजार की पेनाल्टी

पार्षद ने आयुक्त के यहां संपत्ति कर चोरी करने का लगाया था आरोप, निरीक्षण दल के परीक्षण में खुलासा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। नगर पालिक निगम सिंगरौली के मेयर के पति पर संपत्ति कर में चोरी करने का आरोप इन दिनों चर्चाओं में है। भाजपा पार्षद के शिकायत पर जांच परीक्षण उपरांत ताली एवं बिलौंजी में करीब 12 लाख 63 हजार रूपये की पेनाल्टी मेयर के पति प्रेम अग्रवाल पर नगर निगम ने लगाया है। दोनों जगह प्रेम अग्रवाल की लकड़ी की टाल है।

दरअसल वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद आशीष बैस ने ननि अध्यक्ष के साथ-साथ निगमायुक्त के यहां शिकायत किया था कि महापौर रानी अग्रवाल के पति प्रेम अग्रवाल बिलौंजी एवं ताली में संपत्ति कर में गड़बड़झाला कर रहे हैं। प्रेम अग्रवाल सपंत्ति कर कम जमा कर रहे हैं। पार्षद के शिकायत पर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 40 बैढ़न में स्थित संपत्ति का निरीक्षण दल द्वारा परीक्षण किया गया। जिसमें ननि के निरीक्षण दल ने पाया कि उक्त संपत्ति का संपत्ति कर प्रति वर्ष 49153 रूपये निर्धारित हो रहा है। जहां प्रेम अग्रवाल द्वारा जमा की गई राशि से अधिक हो रही है। निरीक्षण दल ने यह भी पाया कि वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 के अंतर की राशि 123590 तथा वर्ष 2024 से 26 तक बकाया राशि 99289 होती है। म.प्र. नगर निगम (भवनों/भूमियों का वार्षिक भाड़ा मूल्य का अवधारण) नियम 1997 के अधीन वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत कुल अंतर की राशि 123590 रूपये का पेनाल्टी 617950 कुल 840829 रूपये सात दिवस के अंदर जमा करने के निर्देश हैं।

नगर निगम के यहां से प्रेम अग्रवाल को सात दिवस के अंदर नगर निगम कोष में राशि जमा करने के लिए नोटिस दी गई है। नगर निगम के इस कार्रवाई से पिछले दो दिनों से चर्चाओं का बाजार गर्म है।

बिलौंजी की संपत्ति पर 4 लाख 22 हजार की पेनाल्टी

नगर निगम के राजस्व अधिकारी के द्वारा प्रेम अग्रवाल को नोटिस जारी की गई है, जिसमें वार्ड क्रमांक 42 बिलौंजी में स्थित संपत्ति कर के संबंध में है। यहां बताते चले कि प्रेम अग्रवाल का बिलौंजी में लकड़ी की टाल है। यहां का संपत्ति कर प्रति वर्ष 69783 रूपये निर्धारित है। जहां जमा की गई राशि से अधिक हो रही है। नोटिस में इस बात का उल्लेख है कि वर्ष 2019-20 से 2023-24 के अंतर की राशि 46875 तथा वर्ष 2024 से 2025-26 तक बकाया राशि 140962 रूपये होता है। जहां कुल अंतर की राशि 46875 रूपये का पेनाल्टी 234375 कुल 422212 रूपये सात दिवस के अंदर नगर निगम के कोष में जमा करने के लिए कहा गया है, अन्यथा नगर निगम वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत वसूली की कार्रवाई करेगा।

कानून सब के लिए समान है : आशीष

पार्षद अशीष बैस ने कहा कि कानून सभी के लिए एक समान है। मेयर के पति द्वारा नगर निगम के संपत्ति कर की चोरी की जा रही थी। निरीक्षण से यह बात पता भी चल गया है और नगर निगम के द्वारा बिलौंजी एवं ताली, लकड़ी का टाल संपत्ति में की जा रही गड़बड़ी में पेनाल्टी की नोटिस जारी की गई है। संपत्ति कर की जो भी गड़बड़ी करेगा, उसके खिलाफ नगर निगम अमला जांच कर कार्रवाई करेगा। यहां बताते चले कि पिछले कुछ दिनों से महापौर रानी अग्रवाल विवादों में घिरी हुई हैं। उपयंत्री के बहाली के संबंध में एमआईसी की बैठक में अन्य में जोड़े गये प्रस्ताव से आयुक्त ने कड़ा पत्र लिखकर ननि के अधिनियमों से अवगत कराया गया था।

ननि क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को मिलेगा आवासीय पट्टा : देवेश

भूमिहीन एवं आवासहीन परिवारों को मिलेगा लाभ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। राज्य सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले भूमिहीन व आवासहीन परिवारों को आवासीय भूमि के पट्टाधिकार प्रदान करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है।

अभियान 13 दिसम्बर तक चलेगा। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग ने संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत बीएलसी और एएचपी घटकों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य सरकार ने 1984 के म.प्र. नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति पट्टाधिकार अधिनियम में संशोधन करते हुए पात्रता तिथि को 31 दिसम्बर 2020 निर्धारित किया है। इस तिथि तक सरकारी, नगर निकाय या विकास प्राधिकरण की भूमि पर वास्तविक रूप से काबिज ऐसे आवासहीन परिवार पट्टाधिकार प्राप्त करने के पात्र होंगे। ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने निगम अधिकारियों को चर्चा उपरांत कहा कि ननि क्षेत्र के समस्त पात्र भूमिहीन व्यक्ति को पट्टा वितरण की कार्यवाही शीघ्र ही कराई जाए। इसके साथ ही सर्वे की कार्यवाही की जाए, जिससे राज्य शासन की मंशा अनुरूप लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ हर एक पात्र हितग्राही को मिले, इसके लिए शिविरो का आयोजन कर पात्र हितग्राहियों को चिन्हित करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र हितग्राही इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

तहसीलदार ने कन्या छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

कम्प्यूटर एवं रोटी मेकर मशीन खराब

नवभारत न्यूज

सरई 24 नवम्बर। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशन में जिले के सभी छात्रावासों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सरई स्थित शासकीय कन्या छात्रावास का निरीक्षण तहसीलदार चंद्रशेखर मिश्रा द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान छात्रावास का भवन नवीन एवं सुव्यवस्थित हैं। 50 सीटर क्षमता वाले छात्रावास में 45 छात्राएं मिले, 4 छात्राएं अवकाश पर। वहीं पेयजल, स्वच्छता और भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई। वार्डन सावित्री सिंह को मीनू के अनुसार भोजन तैयार करने के निर्देश दिए गए। नवीन भवन होने से विद्युत आपूर्ति समुचित पाई गई। हालांकि कम्प्यूटर एवं रोटी मेकर मशीन खराब पाई गई, जिनकी शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए गए। छात्राओं के शयनकक्ष स्वच्छ तथा बिस्तर की स्थिति उत्तम पाई गई। छात्राओं से अध्ययन संबंधी जानकारी लेने पर बताया कि विद्यालय में ही अध्ययन कराया जाता है, यहां अतिरिक्त अध्यापन की व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में संबंधित विभाग को आवश्यक व्यवस्था करने के सुझाव दिए गए। बाथरूम व टॉयलेट सामान्य रूप से स्वच्छ पाए गए। एक स्थान पर सफाई में सुधार एवं छात्राओं के साप्ताहिक स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त गद्दे एवं बिस्तर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। छात्राओं के स्वास्थ्य और फिटनेस को प्रोत्साहित करने के लिए छात्रावास के सामने ही खेलकूद एवं व्यायाम के लिए बाहरी जिम ओपन जिम की मशीनें स्थापित की गई हैं।

कांग्रेस नेता मनोज शाह समेत अन्य दो युवको पर हुई एफआईआर

अवैध रेत परिवहन का मामला, सहकार ग्लोबल के स्टाफ के वाहनों में तोड़फोड़, कांग्रेस नेता की शुरू है किरकिरी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के मुक्तिधाम चेकपोस्ट पर एक हाईवा ट्रक रेत लेकर गुजर रहा था कि चेकपोस्ट पर तैनात सहकार ग्लोबल के स्टाफ ने खड़ा कराने का प्रयास किया, लेकिन बिना नम्बर के हाईवा ट्रक के चालक ने खड़ा नही किया, बल्कि कंपनी स्टाफ पीछा कर रजवाड़ा पैलेस गनियारी के पास ट्रक को रोक कर ईटीपी मांगा।

इसी बीच हाईवा वाहन के मालिक मनोज शाह अपने साथियों के साथ पहुंच गाली गलौज करते हुये स्कॉर्पियों एवं बोलेरो वाहन में तोड़फोड़ किया है। मनोज शाह कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग का प्रदेश उपाध्यक्ष है। 22 नवंबर की सुबह लगभग 7 बजे की है। सहकार ग्लोबल के कर्मचारी मुकेश सिंह पिता जगदीश सिंह और उनकी टीम गनियारी क्षेत्र में नियमित निगरानी कर रही थी, तभी उन्हें बिना नंबर के रेत से भरा ट्रक संदिग्ध स्थिति में दिखाई दिया। ट्रक चालक से ईटीपी और अन्य दस्तावेज मांगे

गए, लेकिन चालक कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद टीम ने नियमों के तहत वाहन को रोक लिया। इसी दौरान कांग्रेस नेता मनोज शाह अपने साथियों के साथ स्कॉर्पियों वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडएफ 3366 से मौके पर पहुँचे। सहकार ग्लोबल के कर्मचारियों के अनुसार मनोज शाह ने ट्रक पकड़े जाने पर आपत्ति जताई और टीम पर दबाव बनाने की कोशिश की और सहकार ग्लोबल के स्टाफ के वाहन स्कॉर्पियों एवं बोलेरों में तोड़फोड़ करते हुये कांच तोड़ दिये। साथ ही फरियादी का यह भी कहना है कि मनोज शाह एवं उसके अन्य साथियों ने गाली गलौज करते हुये जान से मारने की धमकी भी दी है। फरियादी की इस रिपोर्ट पर मनोज शाह समेत दो अन्य आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(बी) 324(4) 351(3) 3 एवं (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस विवेचना कर रही है। यहां बताते चले कि कांग्रेस नेता मनोज शाह रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहा है। इसी क्षेत्र के एक और कांग्रेस नेता रेत की चोरी में लिप्त है। वहीं मनोज शाह पर रेत चोरी के आरोप पहले भी लग चुकी है। फिलहाल रेत चोरी के मामले में कांग्रेस नेता एवं पार्टी की जमकर किरकिरी हो रही है।

नये श्रम कानूनों का विरोध, संयुक्त मोर्चा कल बांधेगा काली पट्टी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। एनसीएल बीना परियोजना में संयुक्त मोर्चा की बैठक आहूत की गई। जिसमें एटक, इंटक, एचएमएस और सीटू के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

भारत सरकार द्वारा 29 श्रम कानून को रद्द कर 4 श्रम संहिता बनाये हैं, जिससे श्रमिको में भारी आक्रोश को देखते हुये संयुक्त रूप से यह निर्णय लिया गया कि 4 श्रम कानूनों रद्द कर तत्काल वापस ले। अन्यथा संयुक्त मोर्चा विशाल आंदोलन करेगा। इस संबंध में 25 नवम्बर को सभी श्रमिक कर्मचारी काला फीता लगाकर काला दिवस के रूप में मनाएंगे एवं 26 नवम्बर को एनसीएल के सभी ईकाइयों के जीएम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुये संयुक्त मोर्चा में शामिल सभी संगठनों के सदस्य झण्डा-डण्डा के साथ महामहिम राष्ट्रपति के नाम जीएम को ज्ञापन सौपेंगे। साथ ही सभी पालियों में संयुक्त रूप से काले कानून को वापस लेने के लिए जनजागरण एवं विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक में एटक महामंत्री अजय कुमार सिंह, इंटक महामंत्री पुष्पराज सिंह, सीटू महामंत्री पीसी पाण्डेय अन्य मौजूद रहे।

गोल्ड मेडल विजेता कात्यायनी का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

देवसर 24 नवम्बर। शासकीय महाविद्यालय देवसर की छात्रा बीएससी द्वितीय वर्ष की नियमित छात्रा ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन उज्जैन में विगत दिनों सम्पन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कात्यायनी द्विवेदी ने गोल्ड मेडल जीत का परचम फहराया और कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज परिवार ने कात्यायनी द्विवेदी का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं शुभकामनाएं दी।

छात्रा के सवाल पर डीएम का जवाब पावर पढ़ाई व आत्मविश्वास से मिलती है

उत्कृष्ट विद्यालय बैढ़न में कलेक्टर ने छात्राओं से किया संवाद, छात्रों ने खुलकर रखा अपना विचार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। जिले के कलेक्टर गौरव बैनल पिछले दिनों बैढ़न स्थित उत्कृष्ट विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से खुलकर बातचीत की।

इस दौरान एक प्रसंग ने पूरे माहौल को भावुक और प्रेरणादायक बना दिया। कलेक्टर ने एक छात्रा से पूछा बड़ी होकर क्या बनना चाहती हो, छात्रा ने संकोच भरे स्वर में कहा मुझे पावर चाहिए, ताकि लड़की होने का अफसोस खत्म कर सकूं और अपने परिवार की मदद कर सकूं। छात्रा का जवाब

सुनकर कलेक्टर कुछ सेकंड रुके, फिर बहुत सरल लेकिन प्रभावी शब्दों में बोले लड़की होना कभी अफसोस की बात नहीं, यह गर्व की बात है। शक्ति, संवेदना और मेहनत, ये तीनों गुण लड़कियों में स्वभाव से होते हैं। पावर पढ़ाई और आत्मविश्वास से मिलती है, पहचान लिंग से नहीं। उनकी बातों पर कक्षा में मौजूद बच्चों ने तालियां बजाईं। कलेक्टर ने छात्रों को सफलता के कुछ महत्वपूर्ण मंत्र भी दिए। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति साफ सोच सफलता की सबसे पहली सीढ़ी है। उन्होंने बच्चों को रोजाना पढ़ाई, खेल और रचनात्मक गतिविधियों के बीच संतुलन बनाने की सलाह दी। आगे यह भी कहा कि हर बच्चा अपनी क्षमता के हिसाब से खास होता है, बस जरूरत है खुद पर विश्वास रखने की। कलेक्टर की यह अनौपचारिक क्लास छात्रों के लिए एक सीख और आत्मविश्वास की नई ऊर्जा बनकर सामने आई।

ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट में काम गांव की टीम बनी विजेता

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 24 नवम्बर। एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी सुदृढ़ सीएसआर पहल के तहत 3 दिवसीय ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया, जिसका समापन 23 नवम्बर को तियरा ग्राम पंचायत में हुआ।

क्षेत्र के 8 गाँवों की टीमों ने इसमें भाग लिया, जिसका उद्देश्य खेल भावना को बढ़ावा देना, सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था। उद्घाटन मैच सिद्धी खुर्द और तियरा गाँव के बीच खेला गया, जिसने टूर्नामेंट की उत्साहपूर्ण शुरुआत की। उद्घाटन

समारोह में माहताब आलम, उप महाप्रबंधक सीएसआर एंड आर एंड आर एवं स्थानीय विधायक प्रतिनिधि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने एनटीपीसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने और समुदाय विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की। फाइनल मुकाबला ग्राम काम और तियरा गाँव की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें ग्राम काम की टीम विजेता बनी। पुरस्कार वितरण सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह द्वारा किया गया।

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जयंत टीम बनी विजेता

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। एनसीएल की खड़िया परियोजना में अंतर क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। उक्त प्रतियोगिता में एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से 12 टीमों से 168 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में कुल 15 मैच खेले गए। इस दौरान जयंत टीम ने शानदार प्रदर्शन के साथ 3-2 से मुख्यालय टीम को हराकर विजेता खिताब अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान संतोष वैश्य बेस्ट प्लेयर, राजेन्द्र वैश्य बेस्ट स्कैटर, शशि कुमार वैश्य बेस्ट लिबेरो एवं जगन्नाथ वैश्य बेस्ट स्मैशर बने।

सीएम हेल्पलाइन को लेकर कलेक्टर सख्त, 4 विभाग प्रमुखो का कटेगा 7 दिन का वेतन

सीएम हेल्प लाइन में कम प्रगति देने वाले अधिकारियों पर कलेक्टर सख्त, लापरवाह अधीक्षको पर कार्रवाई करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 24 नवम्बर। सीएम हेल्प लाइन की माह अक्टूबर की लंबित शिकायतो की न्यूनतम प्रगति देने पर चार विभाग प्रमुखो के सात दिवस का वेतन काटने का निर्देश कलेक्टर गौरव बैनल ने दिया है। साथ ही छात्रावासो की व्यवस्थाओं पर लापरवाही बरतने वाले अधीक्षको के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश संबंधित निरीक्षण दलो के अधिकारियों को दिया गया।

कलेक्टर के अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान सीएम हेल्प लाइन में दर्ज अक्टूबर माह कि शिकायतो एवं 50 व 100 दिवस की निराकरण की प्रगति समीक्षा विभागवार ली गई। समीक्षा के दौरान चार जिलाधिकारियों के द्वारा दोनों शिकायतों का न्यूनतम प्रगति दी गई, जबकि पूर्व में कलेक्टर के द्वारा शिकायतों की प्रगति लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भी किया गया था। इसके बावजूद भी शिकायतो की प्रगति न्यूनतम रही, जिसके कारण जिले की रैकिंग प्रभावित हुई।

इन विभाग प्रमुखो पर कलेक्टर की कार्रवाई

शिकायतो के निराकरण में लापरवाही बरतने पर जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जीतेन्द्र गुप्ता, सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग मिथिलेश कुमार इवने तथा प्राचार्य आईटीआई एनके पटेल का सात दिवस का वेतन काटने का निर्देश कलेक्टर द्वारा दिया गया।

छात्रावास अधीक्षको पर होगी कार्रवाई

छात्रावासो के निरीक्षण के लिए गठित जिलास्तरीय दल द्वारा छात्रावासो की जॉच कर व्यवस्थाओं के संबंध में प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रतिवेदन के जॉच उपरांत कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ऐसे छात्रावास जिनके मरम्मत के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए गये हैं, उनका भौतिक सत्यापन किया जाकर प्राक्कलन तैयार किया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही जिन छात्रावासो की व्यवस्थाओं में लापरवाही मिली है, ऐसे छात्रावासो के अधीक्षको के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें। जिन अधिकारियों की जॉच के लिए ड्यूटी लगाई गई थी, उन्हें नियमित रूप से छात्रावासो का आगे भी निरीक्षण करने के निर्देशित किया।